देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 08.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भाजपा संसदीय दल ने प्रस्ताव पारित कर विनिर्माताओं और व्यापारियों से जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुँचाने का आह्वान किया।
- केंद्रीय अंतर मंत्रालय टीम, प्रदेश के विभिन्न जिलों में आपदा से हुई क्षति का आकलन और जायजा लेने के लिए देहरादून से रवाना।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था और पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की।
- हरिद्वार के भीमगोड़ा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मलबा आने से ट्रेनों की आवाजाही बाधित। ट्रैक को सुचारू करने का कार्य जारी।

जीएसटी

भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल ने नई दिल्ली में आयोजित भाजपा सांसदों की प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया है। इसमें उत्पादकों और व्यापारियों से जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि कीमत कम होने से मांग बढ़ेगी और करोबार तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया है कि मासिक जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रूपये तक पहुंचना अधिक अनुपालन और अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का संकेत है।

केंद्रीय टीम भ्रमण

केंद्रीय अंतर मंत्रालय टीम आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में आपदा से हुई क्षति का आकलन और जायजा लेने के लिए देहरादून से रवाना हो गई है। टीम उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पौड़ी, बागेश्वर और नैनीताल जिलों का भ्रमण करेगी। इस टीम का नेतृत्व गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव आर. प्रसन्ना कर रहे हैं। टीम के साथ अन्य छह सदस्य भी शामिल हैं। इससे पहले आज सुबह राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव, विनोद कुमार सुमन ने एक बैठक के दौरान टीम को आपदा से हुई क्षति के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया।

चंद्रग्रहण

उत्तराखंड राज्य विज्ञान शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी परिषद– यूकॉस्ट की ओर से कल रात आंचलिक विज्ञान केंद्र में छात्रों और आमजन को टेलरस्कोप से पूर्ण चंद्र ग्रहण का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। इस अवसर पर यूकॉस्ट के महानिदेशक, प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने कहा कि खगोलीय घटनाएं न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती हैं, बल्कि नई पीढ़ी में जिज्ञासा और शोध की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं। ऐसे कार्यक्रम विज्ञान को आमजन तक पहुंचाने और बच्चों में विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आंचलिक विज्ञान केंद्र के प्रभारी व यूकॉस्ट वैज्ञानिक डॉ. ओमप्रकाश नौटियाल ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टेलीस्कोप से ग्रहण का प्रत्यक्ष अवलोकन विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि विज्ञान केंद्र लगातार जनमानस को वैज्ञानिक घटनाओं से परिचित कराने और उन्हें प्रेरित करने के लिए कार्यरत है। उत्तराखंड शासन में अपर सचिव नवनीत पांडे ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खगोलीय घटनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ने की यह पहल प्रदेश में वैज्ञानिक सोच को गहराई तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगी। इस खगोलीय कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग एक सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

दिव्यांगजन शिविर

टिहरी जिले में समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न स्थानों पर आगामी 17 से दो अक्टूबर तक शिविर आयोजित जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से पात्र दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण–पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे। इसके अलावा कृत्रिम अंग वितरण के साथ ही पेंशन व छात्रवृत्ति योजनाओं में लाभार्थियों के आधार, बैंक खाते से लिंक किए जाएंगे। शिविर में जन–जागरूकता कार्यक्रम, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में भौतिक सत्यापन का कार्य और योजनाओं में आ रही दिक्कतों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था, पुनर्निर्माण और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों को मानक अनुसार त्वरित सहायता राशि प्रदान करने और किसानों के नुकसान का आकलन शीघ्र पूरा कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। साथ ही नदी–नालों के पास किसी भी प्रकार के निर्माण को प्रतिबंधित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्ग की सड़कों को पंद्रह दिनों के भीतर दुरुस्त करने, धर्मांतरण कानून के अंतर्गत दर्ज मामलों की समीक्षा करने के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने और उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गौ–तस्करों के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए उन पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बहुउद्देशीय और

स्वास्थ्य शिविरों आयोजित करते हुए सेवा पखवाड़ा के आयोजन व 1905 सीएम हेल्पलाइन की जिलावार समीक्षा नियमित रूप से करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

रेलवे ट्रैक मलबा

हरिद्वार के भीमगोड़ा क्षेत्र में तेज बारिश के कारण काली मंदिर के पास रेलवे ट्रैक पर मलबा गिरने से कई ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गई है। ए.एस.पी., रेलवे पुलिस, अरुणा भारती ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर मलबे के कारण रेल गाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ है और कई ट्रेनें रद्द  कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि मलबा हटाने का काम किया जा रहा है और इसे हटाने के बाद ट्रैक को सुचारू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल देहरादून ऋषिकेश से आने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

आपदा शव बरामद

बागेश्वर जिले में 28 अगस्त की रात पौंसारी गांव के खाईइजर तोक में आई आपदा के बाद से लापता एक व्यक्ति का शव बरामद हो गया है। जबकि, लापता एक अन्य व्यक्ति की तलाश अब भी जारी है। आपदा में दो परिवारों के पांच लोग मलबे में दब गए थे। राहत व बचाव दल, अब तक चार शव बरामद कर चुके हैं। कपकोट के पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। विभाग ने आज देहरादून, पौड़ी, बागेश्वर और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं तेज बारिश के साथ ही आकाशीय बिजली चमकने और तीव्र से अति तीव्र दौर की बारिशा का येलो अलर्ट जारी किया है।

भर्ती रैली

सेना भर्ती कार्यालय अल्मोड़ा की ओर से 11 सितम्बर से चार जिलों के युवाओं के लिए भर्ती रैली शुरू की जा रही है। यह रैली कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर, सोमनाथ ग्राउंड रानीखेत में होगी। भर्ती रैली में अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर और ऊधमसिंह नगर जिलों के युवा शामिल होंगे। उम्मीदवारों को रात ढाई बजे से प्रवेश मिलेगा और प्रवेश केवल सुबह 6 बजे तक ही रहेगा। पहले दिन बागेश्वर जिले के युवाओं की दौड़ कराई जाएगी।

तैयारियों को लेकर जिला मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को रैली के सुचारू संचालन में सेना को सहयोग देने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही स्थानीय महिला समूहों को उम्मीदवारों को छूट पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने भर्ती कार्यालय को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।